राजस्थान सरकार
निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाये राज.जयपुर

क्रमांकः नर्सिग/नर्स–2/ 32538-7092639/जो.जयपुर/2025/13936229 दिनांक– 10/3/25

::आदेश::

निदेशालय के आदेश कमांक राजहैल्थ/टी.सी/2025/30 दिनांक 15.01.2025 के क.स 49 पर अंकित हेमपाल, नर्सिग ऑफीसर का स्थानान्तरण/पदस्थापन राजकीय राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय, अलवर से उम्मेद चिकित्सालय, जोधपुर किया गया है, के विरूद्व इनके द्वारा मा. सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 464/2025 द्वारा की गई है, में मा. न्यायालय द्वारा दिनांक 12.02.2025 को आदेश पारित कर अपीलार्थी को 2 सप्ताह दिवस में अपना अभ्यावेदन सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये है एवं विभाग को 04 सप्ताह में अभ्यावेदन को निस्तारण किये जाने के निर्देश प्रदान किये है, की पालना में अपीलार्थी द्वारा 25.02.2025 को अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है जो निम्नानुसार है –

1. पिताजी का देहांत हो चुका है ।
2. माताजी मानसिक रोग से ग्रसित है ।
3. पत्नि वेरीकोज वेन से पीडित है ।
4. स्वंय मधुमेह रोग से पिडित है ।
5. बच्चे उच्च अध्ययन हेतु बाहर के जिलों में अध्ययनरत है ।
6. वर्तमान पदस्थापन स्थान से लगभग 550 किलोमीटर दूरी पर स्थानान्तरण कर दिया गया है ।

उपरोक्त परिस्थितियों के मध्यनजर स्थानान्तरण निरस्त कर यथावत राजकीय राजीव गांधी चिकित्सालय, अलवर में रखा जावे ।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर मेरे द्वारा मनन/विचार किया गया है। अपीलार्थी के नवीन पदस्थापन स्थान उम्मेद चिकित्सालय जोधपुर में किया गया है । वहां पर सुपरस्पेशलिटी चिकित्सा सुविधाये उपलब्ध है । वह उक्त चिकित्सा संस्थान में स्वंय/ परिजनों का उपचार करा सकता है तथा बच्चो का अध्ययन–अध्यापन अलवर जिले से बाहर अध्ययनरत है, से स्थानान्तरण/पदस्थापन से कोई प्रभाव पडने की संभावना नहीं है ।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में ऐसा कोई ठोस आधार प्रस्तुत नहीं किया गया है, जो बलहीन एवं सारहीन होने के कारण प्रस्तुत अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं है। अतः माननीय न्यायालय के निर्णय के आलोक में प्रस्तुत अभ्यावेदन को एतद् द्वारा अस्वीकार कर निस्तारित किया जाता है । फलस्वरूप अपीलार्थी उम्मेद चिकित्सालय जोधपुर में कार्यरत रहेगा ।

निदेशक (अराजपत्रित)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं
राजस्थान जयपुर

RajKaj Ref No.: 13936229

क्रमांकः नर्सिग / नर्स–2 / 32538-7092639 / जो.जयपुर / 2025 / 13936229 दिनांक– 10/3/25

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. उप विधि पराशर्मी, मुख्यालय ।
2. स्थाई समन्वयक एवं केस प्रभारी अधिकारी सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर ।
3. संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जोन–जयपुर / जोधपुर ।
4. अधीक्षक उम्मेद चिकित्सालय, जोधपुर ।
5. प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सामान्य चिकित्सालय अलवर ।
6. हेमपाल नर्सिग ऑफीसर (याचिकाकर्ता) को रिट में उल्लेखित पते पर ।
7. प्रभारी सर्वर रूम को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करे
8. आदेश / रक्षित पत्रावली।

निदेशक (अराजपत्रित)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं
राजस्थान जयपुर

Document certified by RAKESH KUMAR SHARMA <rasrakeshsharma@gmail.com>.

Digitally Signed by Rakesh Kumar Sharma
Designation : Director
Date :08-03-2025 04:57:33

RajKaj Ref No.: 13936229
RajKaj Ref No.: 13936229